**दिनांक- 26.12.2022**

**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

**रेलटेल ने हाल ही में आयोजित हरियाणा कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (CET) – 2022 के दौरान उम्मीदवारों के पररूपधारण ( Impersonation) कंट्रोल हेतु आधार कार्ड-आधारित बायोमेट्रिक्स सेवाएं प्रदान करने के लिए आटोमेशन प्रोजेक्ट को सफलतापूर्वक निष्पादित किया।**

**यह पहली बार है जब रेलटेल को नेशनल टेस्ट एजेंसी – एनटीए द्वारा इतनी बड़ी संख्या में उम्मीदवारों के आधार प्रमाणन के साथ बायोमेट्रिक्स के प्रामाणिकरण का कार्य सौंपा गया।**

**श्री संजय कुमार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, रेलटेल ने बताया कि उम्मीदवारों के नियंत्रण एवं उनके सत्यापन के लिए किसी भी राज्य/ केंद्र सरकारी एजेंसी द्वारा परीक्षा प्रक्रिया में उम्मीदवारों के पररूपधारण ( Impersonation) कंट्रोल के लिए आधार कार्ड-आधारित बायोमेट्रिक्स सेवाओं के लिए रेलटेल की क्षमता का उपयोग किया जा सकता है।**

*******************

आईटी प्रोजेक्ट्स में अपनी विशेषज्ञता का महत्वपूर्ण प्रदर्शन करते हुए, रेलटेल (रेल मंत्रालय का एक मिनी-रत्न पीएसयू) ने हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (HSSC) द्वारा आयोजित हरियाणा कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (CET) – 2022 के दौरान उम्मीदवारों के पररूपधारण ( Impersonation) कंट्रोल हेतु आधार-आधारित बायोमेट्रिक्स सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए अपने आटोमेशन प्रोजेक्ट को सफलतापूर्वक निष्पादित किया। । यह परीक्षा नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित की गई थी। इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य पररूपधारण ( Impersonation) फ्रॉड को रोकना तथा भर्ती प्रक्रिया के दौरान धोखेबाजों की पहचान करना था ताकि परीक्षा को विश्वसनीय और त्रुटिरहित बनाया जा सके।

इससे पूर्व, एनटीए द्वारा रेलटेल को परीक्षा से पहले हरियाणा कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (CET) – 2022 के उम्मीदवारों की पहचान करने तथा परीक्षा केंद्रों पर उनकी बायोमेट्रिक्स एवं चेहरे को कैप्चर करने तथा साथ ही परीक्षा केंद्रों के पंजीकरण डेस्क पर उनके आधार का प्रमाणन करने का कार्य सौंपा गया था। परीक्षा हॉल में एक बार उम्मीदवार का बायोमेट्रिक्स (अंगूठे का निशान) और फेस पुनः कैप्चर किया गया ताकि उम्मीदवारों की वास्तविकता का सत्यापन हो सके।

हरियाणा कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (CET) – 2022 में 7.6 लाख उम्मीदवारों ने भाग लिया इसके लिए हरियाणा के 22 में से 17 जिलों में 658 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित हुई और 4500 डिवाइस द्वारा बायोमेट्रिक्स कैप्चर की गई।

रेलटेल ने भाग लेने वाले उम्मीदवारों के आधार नंबरों से आधार टोकन/ वर्चुअल आईडी (सिक्योर्ड मोड में) का जनरेशन सुनिश्चित किया, सीईटी-2022 के लिए परीक्षा केंद्रों के पंजीकरण डेस्कों पर उम्मीदवारों ने स्वैच्छिक तौर पर ऐसा करने के लिए अपनी सहमति दी।

यह पहली बार है जब रेलटेल को नेशनल टेस्ट एजेंसी – एनटीए द्वारा इतनी बड़ी संख्या में उम्मीदवारों के आधार प्रमाणन के साथ बायोमेट्रिक्स के प्रामाणिकरण का कार्य सौंपा गया।

वर्तमान में रेलटेल द्वारा मध्य प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (MPSEDC), इंडियन रेलवे केटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन (IRCTC), यूटीआई इन्फ्रास्ट्रक्चर टेक्नोलॉजी एंड सर्विसेस लिमिटेड (UTIISTL), एनटीए, रेल भर्ती बोर्ड (RRBs) तथा कई अन्यों को ये सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

इस संबंध में बताते हुए श्री संजय कुमार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, रेलटेल ने कहा, "रेलटेल विभिन्न संगठनों के लिए IT क्षेत्र में विभिन्न परियोजनाएं चलाए हुए है। उम्मीदवारों के नियंत्रण एवं उनके सत्यापन के लिए किसी भी राज्य/ केंद्र सरकारी एजेंसी द्वारा परीक्षा प्रक्रिया में उम्मीदवारों के पररूपधारण ( Impersonation) कंट्रोल के लिए आधार कार्ड-आधारित बायोमेट्रिक्स सेवाओं के लिए रेलटेल की क्षमता का उपयोग किया जा सकता है। यह एक क्लाउड बेस्ड सोल्यूशन है जिसे लागू करना आसान है तथा इसे ग्राहक की आवश्यकताओं के अनुरूप कस्टमाइज भी किया जा सकता है। अपने राजस्व के स्रोत में वृद्धि करने के लिए हम ऐसे और अवसरों की तलाश कर रहे हैं। रेलटेल नेशनल डिजिटल बदलाव के लिए प्रतिबद्ध है।

**रेलटेल के बारे में :**

रेल मंत्रालय के अधीन केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम एक "मिनी रत्न (श्रेणी-I)" रेलटेल देश के सबसे बड़े न्यूट्रल टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोवाइडर्स एवं आईसीटी एवं सर्विस प्रोवाइडर्स में से एक है, जिसका ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क पूरे भारतवर्ष में फैला है, जिसमें देश के अनेक नगर और शहर तथा ग्रामीण क्षेत्र शामिल हैं। ऑप्टिक फाइबर के 61000+रूट किलोमीटर के एक विश्वसनीय नेटवर्क के साथ रेलटेल के MeitY empaneled tier III के दो डेटा सेंटर भी हैं। पूरे भारतवर्ष में अपने उच्च क्षमता वाले नेटवर्क के साथ, रेलटेल द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में एक नॉलेज सोसाइटी के सृजन का कार्य किया जा रहा है और टेलीकॉम के क्षेत्र में भारत सरकार की विभिन्न मिशन आधारित परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए भी रेलटेल को चुना गया है। रेलटेल द्वारा अनेक सेवाएं जैसे एमपीएलएस, वीपीएन, टेलीप्रेजेन्स, लीज़्ड लाइन, टॉवर को-लोकेशन, डेटा सेंटर सर्विसेस इत्यादि भी ऑफर की जाती हैं। रेलटेल द्वारा भारतीय रेल के साथ मिलकर पूरे देश में रेलवे स्टेशनों पर पब्लिक वाई-फाई की व्यवस्था करते हुए रेलवे स्टेशनों को डिजिटल हब में बदलने का कार्य भी किया जा रहा है और इस समय 6100+ स्टेशन रेलटेल के रेलवायर वाई-फाई के साथ लाइव हैं।

**अधिक जानकारी के लिए देखें :**

**sucharita@railtelindia.com**